## स्वास्थ्य सुविधाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं

### कमिश्नर-कलेक्टर ने किया सरकारी अस्पताल व निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण



**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस गोटेगांव के दौड़े पर रहे संभागायुक्त जबलपुर अभय वर्मा ने भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल गोटेगांव का निरीक्षण मंगलवार को किया।

इस दौरान उन्होंने यहाँ मौजूद संबंधित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिये। संभागायुक्त वर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोटेगांव के निरीक्षण के दौरान ओपीडी,नेत्र परीक्षण,टीकाकरण, पैथोलॉजी, एएनसी सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर यहाँ मौजूद स्वास्थ्य विभाग में अमले से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में पर्याप्त साफ- सफाई रहे। मरीजों और उनके साथ आये परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही नहीं बरती जाये ।

**निर्माणधीन सीएम राइज विद्यालय का निरीक्षण किया-** वहीं निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल गोटेगांव के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री वर्मा ने उक्त निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तय समय- सीमा में पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

इस दौरान कलेक्टर शीतला पटले, एसडीएम देवंती परते, सीबीएमओ एसएस धुर्वे, एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी प्रदीप सराफ, जनपद सीईओ वर्षा झारिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## फसलों में कीट व्याधि समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा ऐप

**सिवनी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में केंद्रीय एकीकृतनासी जीव प्रबंधन विभाग, भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और आई.सी.ए.आर. की माध्यम से एक ऐप बनाया गया है। जिसे राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (ह्क्क्स) इस ऐप में कीट निगरानी प्रणाली से पहचान के लिए यदि हम ऐप पर जाते हैं तो त्वरित ही हमें कीट की पहचान एवं प्रबंधन की विस्तार से जानकारी मोबाइल में तुरंत प्राप्त हो जाती है।

इस हेतु कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, इस दौरान वैज्ञानिक डॉ एन के सिंह, श्रीमती प्रिया चैकसे ने प्रशिक्षण प्रदान किया, एनपीएसएस (नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम) जिसे राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली कहा जाता है, इसका ऐप किसानों को अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करना होगा। यह बडा ही काम का ऐप है, जो हमारे किसानों की फसलों में कीटों की समस्या का समाधान तुरंत करेगा। डॉ शेखर सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इसे डाउनलोड करने के बाद किसानों के दो ऑप्शन आते हैं हिंदी और इंग्लिश अभी यह दो भाषाओं में ही तैयार किया गया है। इसमें 61 फसलों से संबंधित कीट, व्याधि कि हम पहचान कर सकते हैं डाउनलोड करने के बाद तीन चीज आती है एक तो कीट निगरानी, दूसरा कीट का सर्विलांस एवं तीसरा सलाह, इस प्रकार किसान भाई कीटों की अपनी फसलों में होने वाली समस्याओं का प्रक्षेत्र पर ही समाधान प्राप्त कर सकते हैं एवं फसलों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है।

## नशा मुक्ति के लिए जन चौपाल



**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीप ग्राम जमुनिया में नशा मुक्ति जन चेतना अभियान के तहत गोटेगांव पुलिस ने जन चौपाल का आयोजन किया।

जिसमें पुलिस एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के द्वारा आमजनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई एवं नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया है। वही नशा मुक्ति हेतु चलाए जा रहे जन चेतना अभियान की नागरिकों द्वारा सराहना की गई।

थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने नशा मुक्ति का संदेश नागरिकों को दिया इसके उपरान्त पुलिस विभाग एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य और नागरिकों द्वारा आमजनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई एवं नशे पीड़ित व्यक्तियों को नशा छोडने के उपाय बताये और उनको नशा से दूर रहने हेतु प्रेरित किया गया।

**ग्रामीणों ने नशा से दूर रहने की शपथ ली** - कार्यक्रम के दौरान नशे का सेवन करने वाले व्यक्तियों को पुलिस थाना प्रभारी प्रदीप सराफ द्वारा समाजिक संगठन के सदस्यों एवं नागरिकों के समक्ष नशा छोडने की शपथ दिलाई गयी एवं उनके द्वारा अन्य व्यक्तियों को भी नशे से दूर रहने हेतु संदेश दिया गया।

इस अवसर पर गोटेगांव पुलिस एसडीओपी भावना मरावी,थाना प्रभारी नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ,उप निरीक्षक गौरव नेमा,आरक्षक चंद्रप्रकाश पटले सहित अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### गाडरवारा में संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**गोटेगांव, देशबन्धु।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय आव्हान पर नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा तहसील में शक्ति चौक पर गाडरवारा में एक दिवसीय धरना देकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम राष्ट्रीय स्तर की मांगे एवं मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय स्तर की



मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व को ज्ञापन सौंपा । जिले के किसान भाइयों की मांगो के निराकरण की मांग को लेकर अधिक से अधिक संख्या में किसान भाइयों ने शक्ति चौक गाडरवारा में 26नवंबर 2024दिन मंगलवार को 1बजे से एकत्रित होकर 4बजे एस डी एम महोदय को ज्ञापन दिया।ज्ञापन में अनेक मांगों की मांग की है जिससे सरकार को किसान विरोधी नीतियां लागू कर किसानों के शौषण को रोका जा सके। इस अवसर पर किसान बंधु उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान


**सिवनी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक व केडेट्स ने जिला अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। लेफ्टिनेंट वासनिक ने बताया कि कैडेट्स ने रक्तदान की कार्यवाही में उत्साह से भाग लिया। 13 केडेट्स ने रक्तदान में हिस्सा लेकर समाज को जागरूक करने का कार्य किया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी थैलेसीमिया के मरीजों व अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए केडेट्स आगे आये इस पुनीत कार्य मे हिस्सा लिया।

### वैश्य महासम्मेलन की बैठक आयोजित



**गोटेगांव, देशबन्धु।** सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की गोटेगांव तहसील बैठक गत दिवस श्रेया होटल में आयोजित की गई बैठक में सर्वप्रथम वैश्य कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी का पूजन अर्चन किया गया नवनियुक्त जिला प्रभारी बी डी सोनी पत्रकार, जिला अध्यक्ष अजय जैन तेंदूखेड़ा, युवा इकाई जिला अध्यक्ष इंजीनियर आयुष कठल, का गोटेगांव इकाई द्वारा अभिनंदन किया गया । बैठक में लगभग 20 करोड़ से बनने वाले वैश्य कल्याण भवन भोपाल को एक बड़ी उपलब्धि बदलते हुए सभी ने प्रसन्नता जाहिर की, सभी ने एक जुट होकर सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की एवं, प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की मनसा के अनुरूप सभी घटकों को साथ लेकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया, इस अवसर पर वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर का हर्ष के माहौल में विमोचन किया गया उल्लेखनीय है कि संगठन का यह कैलेंडर पूरे मध्य प्रदेश में लगभग 70000 सदस्यों तक पहुंचाया जाता है जो बहुत ही अच्छी किस्म से बनाया गया है इसमें प्रदेश के सभी प्रमुख पदाधिकारी के नंबर एवं विशिष्ट जानकारी मौजूद रहती है । इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष पंकज जैन ने इकाई के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव रखते हुए कहा कि हम लगातार अध्यक्ष हैं समय-समय पर परिवर्तन आवश्यक है परंतु एक बार फिर से सभी उपस्थित सभी ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ अनुभवी, अजीत खरया को तहसील प्रभारी, पंकज अनुपम को अध्यक्ष, संभाग में संगठन मंत्री, पंकज चौकसे, जिला महामंत्री, ईजी दीपक खरया, जिला उपाध्यक्ष पार्षद मनीष जैन, नगर महामंत्री आनंद अग्रवाल, तहसील उपाध्यक्ष पंकज जैन एस, सतीश अग्रवाल, विकास बड़कुल, युवा इकाई में जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कपिल जैन, युवा इकाई में जिला महामंत्री शिवाजी ताम्रकार, युवा इकाई तहसील प्रभारी शोरभ खरया, तहसील अध्यक्ष अमित जैन बालाजी, महामंत्री सत्येंद्र पाटिल गोलू, युवा इकाई में उपाध्यक्ष अंकित जैन अनुपम, रेशम जैन, जिला मीडिया प्रभारी अनुभवी पत्रकार रघुनाथ राय को बनाया गया, इसके साथी प्रदेश से निर्धारित कार्यक्रमों के लिए प्रभारी तय किए गए जिसमें गुड़ी पड़वा वैश्य दिवस के लिए गोलू साहू, आजीवन सदस्य सम्मेलन के लिए नीलेश ददरया, परिवार मिलन समारोह के लिए, शौरभ खरया आनंद अग्रवाल, खेल प्रभारी के रूप में राहुल खजांची, वैश्य चेतना रैली के लिए रेशम जैन ,अंकित जैन ,शैलू जैन, सेवा दिवस प्रभारी एडवोकेट विपिन ताम्रकार, रोमी खरया,इस अवसर पर विभिन्न वार्षिक कार्यक्रम भी तय किए गए।

### शिक्षक शामराव खंडाईत का निधन



**सौसर, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी सेवानिवृत शिक्षक शामराव नत्थू खंडाईत का 81 वर्ष की आयु में दु:खद निधन मंगलवार 26 नवम्बर 2024 को दोपहर 3 बजे हुआ । अन्तेष्टि आज बुधवार 27 नवम्बर 2024 को सुबह 10 बजे सौसर मोक्षधाम में की जाएंगी । अपने पीछे तीन पुत्र संदीप, प्रवीण, राकेश एवं पुत्रिया तथा नाती पूरा परिवार छोड़ गए।

## नपा ने मनाया संविधान दिवस, की मौलिक अधिकार व कर्त्तव्य पर चर्चा



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर के स्थानीय नगर पालिका परिषद गोटेगांव द्वारा नेहरू प्राथमिक शाला में 75 वा संविधान दिवस महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति का पूजन अर्चन किया उसके उपरांत संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर, संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गई ।

कार्यक्रम में भारतीय संविधान की प्रस्तावना,भारतीय संविधान के मौलिक अधिकार और कर्तव्य के बारे में चर्चा की गई,उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर,दीपक सोनी,मनीष मिश्रा पत्रकार,राजस्व प्रभारी सुनील भनारे,बुधराज झारिया कमलेश पटेल सामुदायिक संगठन रचना ठाकुर,धर्मेन्द्र विश्वकर्मा रविशंकर पाठक,मधुकर त्रिपाठी संजय चांदोलिया,एवं स्व सहायता समूह की महिलाए,पीएम स्वनिधि नेहरु प्राथमिक शाला प्रधानपाठक मिथलेश श्रीवास्तव,अभिमन्यु कल्याण समिति संदीप रंजक अमिता मुडिया हर्षा ठाकुर, हर्षिता, शिवानी राजपूत, चंदनी राजपूत, रितू परसवार विवेक रंजक आदि उपस्थित रहे।





### संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों को जाना

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव नगर की शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में संविधान दिवस पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता वआचार्य परिवार ने दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कक्षा पंचम चतुर्थ के भैया बहनों ने बहन कामिनी राजपूत ने संविधान के अधिकार का वर्णन किया।

समानता स्वतंत्रता शोषण धार्मिक स्वतंत्रता शिखा साहू ने भारत का संविधान 251 पेज का है जिसे 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने पारित किया था। परिधि यादव ने संविधान में कुल कितनी धाराएं हैं उसका वर्णन करते हुए उसे बताया 448 अनुच्छेद 25 भागों में बांटा गया है। आठ अनुसूचियां हैं जो अब बढ़कर 12 हो गई है। प्रियंका पटेल, रिद्धि पटेल, जिया साहू, वंशिका लोधी, तन्मय, साहिल, प्रवीण, रूपेश, रेट का गायत्री, मधु, प्रिंस साहू, पृथ्वीराज राजपूत, कबीर पांडे, पवन पटेल आदि ने संस्था आचार्य शिवानी मेहरा ने संविधान लिखित दस्तावेज है जिसमें कानून सरकार की शक्तियां व्यवस्था अनुच्छेद अनुसूचियां भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा उल्लेखित संविधान है। इसमें समानता स्वतंत्रता धार्मिक स्वतंत्रता संस्कृति और शिक्षा के अधिकार दिए गए आचार्य किशोर शुक्ला, कल्पना चौरसिया, मोनिका मिश्रा, प्रतिभा पाठक, तुलसा नामदेव आदि ने अपनी स्थिति दी।

कार्यक्रम में संजय जैन सरदार पटेल, ज्योति अवस्थी, पूजा यादव, पूजा पटेल, सुलेखा सोनी ने बताया तथा कार्यक्रम का संचालन अंजना दीक्षित ने किया।

### संविधान की उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई गई



**गोटेगांव, देशबन्धु ।** स्थानीय नगर में स्थित उच्च शिक्षा का मंदिर शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में महात्मा गांधी एवं स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर निरंजन सिंह की प्रतिमा के सामने संविधान दिवस पर संविधान की उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में उपस्थित डॉ प्रहलाद पटेल क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि भारत की स्वतंत्रता के बाद देश किन नियम कानून से चलेगा तथा वो नियम सभी पर समान रूप से लागू हो इसलिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में संविधान का निर्माण किया गया और 26 नवंबर 1949 को देश ने संविधान को स्वीकार किया, संविधान के कारण सभी को समान रूप से उन्नति का अवसर प्राप्त हुआ और देश निरंतर विकास कर रहा है, कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई गोटेगांव के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश मिश्रा के संयोजन में तथा शपथ का वाचन डॉ. सुजाता कोरी द्वारा किया गया । आज के कार्यक्रम में डॉ. प्रहलाद पटेल, एकता उपाध्याय, शिल्पा चौकसे, सचिन ऊमरे,लक्ष्मी ऊमरे,संदीप राजपूत, राजेश पटेल, चंद्रशेखर घोषी,प्रियांश नामदेव, अंचल सोनी, अरुण बोहरे, पुहुप बर्मन, करण सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## संविधान ने दिया सम्मान के साथ जीने का अधिकार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**सौसर, देशबन्धु।** मंगलवार 26 नवंबर को सविधान दिवस के उपलक्ष में बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर की ओर से नगर में संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर,भारतीय संविधान के प्रियमबल वितरण,संकल्प, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में फल वितरण के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में सामूहिक बुद्ध वंदना एवं भारतीय संविधान के प्रियमबल के संकल्प के साथ किया। बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागडे ने बताया समिति की ओर से नगर के वन विभाग कार्यालय कहाँन रेंज कार्यालय में वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक तिरपुड़े की उपस्थिति में संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर एवं भारतीय प्रियमबल का छायाचित्र भेट किया।



आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा प्रदेश सचिव दिलीप बागड़े, जिला अध्यक्ष , डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, के.डी शेंडे, देवेंद्र बागड़े, लष्मीदास बोरकर, बौद्ध युवक युवक युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े,बसपा प्रभारी संजय ढोके, अशोक कड़बे, सिद्धार्थ सोमकुंवर, दिवाकर बागडे, मोरेश्वर रंगारे,मिलिंद बसोड़, एड आर के गजभिये, कैलाश गजभिए, भीमराव सोमकुंवर, डॉ चंद्रशेखर गजभिये, चंदू सनेसर,विजय नागदवने,श्रीमती चंद्रप्रभा ठवरे, अलका बागड़े,माया बागड़े,प्रतिभा गजभिये, नितल हनवते,समता बागड़े,करुणा हनवते, सविता दुफारे,उमाशंकर शेंडे,युवराज दुफारे, एड सरोज दुफारे,एड अमित दुफारे आदि थे।

### संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**छपारा, देशबन्धु ।** 26 नबम्वर को देश के संविधान के 75 साल पूरे होने पर जनपद पंचायत छपारा में संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े ने भारत के संविधान उद्देशिका का वचन किया इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छपारा पंचायत निरीक्षक सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



**सौसर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव एवं प्रदेश की सीमा से लगी हुई सावनेर विधानसभा में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर सौसर में भाजपा ने जश्न मनाया एवं आतिशबाजी की तथा मिठाई खिलाकर एक दूसरे को दी बधाई ।

रविवार को जिला भाजपा उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़ के नेतृत्व मे नगर के श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जमकर नारेबाजी की.

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े,एड हरीश बत्रा, उषा भमोरे, प्रीतम राउत एवं अन्य भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे ।

**क्या सावनेर में भाजपा की जीत से बड़ा मोहोड परिवार का कद ऐसी चर्चा** -हाल ही में हुआ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश से लगी हुई सावनेर विधानसभा में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत से मोहोड़ परिवार का कद बड़ेगा । ऐसी आम जन मानस में चर्चा का विषय है चुंकि सावनेर के चुनाव प्रभारी मध्य प्रदेश के पूर्व स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री नाना भाऊ मोहोड़ थे और चुनाव तक मोहोड़ सावनेर में डटे रहे । वही जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़ ने भी डोर टू डोर जनसम्पर्क किया था ।

वहीं प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला भाजपा उपाध्यक्ष राहुल मोहोड़ पर भाजपा के दो प्रत्याशी कृष्णाभाऊ खोपडे, प्रवीण डटके की जिम्मेदारी दी गयी परिणाम आते ही दोनों प्रत्याशी विजयश्री हुए क्षेत्र में इसको लेकर ये चर्चा है की जहा जहा मोहोड़ परिवार को पार्टी ने जिम्मेदारी दी वहां वहां भाजपा को जीत मिली इससे मोहोड़ परिवार का कद और बढ़ता हुआ दिखाई देने लगा ऐसी चर्चा है ।

## दैनिक राशिफल

बुधवार 27 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष की द्वादशी नक्षत्र-चित्रा।

**मेष** आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ** आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन** आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

570-449

**कर्क** आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह** आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या** आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला** आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक** आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु** आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर** आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ** आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म. 279-146

3,4,7,8,30,44,75,81,88,45,01,26